RETINAL DETACHMENT
परदे का अपनी जगह से खिसकना

नाम ....

परदा खिसकना रेटीना की परतों का एक-दूसरे से सम्बन्ध-विच्छेद हो जाना होता है। यह उन मरीजों में ज्यादा की सम्भावना रहती है, जिनके हाई मायोपिया हो, जिनकी आँख के परदे में सुराख हो या कोई डायबिटीज व ब्लड प्रेशर या चोट के कारण परदे पर खिंचाव हो । इस ऑपरेशन को करने की कई विधियाँ हैं जो परदे के खिसकने की गंभीरता के अनुरूप किया जाता है।

जोखिम

1. हालाँकि परदा खिसकने का ऑपरेशन के अच्छे परिणाम हैं किन्तु कुछ प्रतिशत केसेज में ऑपरेशन के बावजूद अंधता को नहीं रोका जा सकता है ।
2. अच्छे ऑपरेशन के बावजूद भी पूरी रोशनी आने की सम्भावना पूर्ण रूप से सम्भव नहीं होती है।
3. ऑपरेशन में कई बार शल्य क्रिया करनी पड़ती है व जो सबसे सरल व सामान्य शल्य क्रिया होती है, जिसे Scleral buckling कहते हैं, के बावजूद दूसरी शल्य क्रिया जैसे कि Vitrectomy या Silicone Oil Injection या गैस का दबाव कराना पड़ सकता है।
4. जिन मरीजों के Silicone Oil व गैस डाली जाती है उनको एक निश्चित तरीके से सिर को रखना पड़ता है व गैस के मरीजों को हवाई यात्रा निषेध होती है व ऑयल के मरीजों को परदा जब चिपक जाता है तो उसे वापस निकालना पड़ता है।
5. मरीज की पूरी रोशनी को पूरी तरह से आने में 18 माह का समय लग सकता है और शल्य क्रिया से पहले यह बताना असम्भव है कि कितनी रोशनी आयेगी और कितने दिन तक परदा आगे चिपका रहेगा। सामान्यतया यदि मरीज की एक आँख का परदा कमजोर है तो दूसरी आँख का परदा भी खिसकने की सम्भावना रहती है। सामान्यतया शल्य क्रिया के दौरान कुछ मरीजों में परदे के पास खून उतरना, संक्रमण होना, आँख का दबाव बढ़ना, आँख के काले हीरे पर सफेदी आ जाना, सूजन हो जाना, घाव हो जाना, मोतिया पक जाना, दूसरी आँख में भी सूजन आ जाना, डबल दिखना, पलक नीचे गिर जाना आदि, जिनके लिए दूसरी शल्य क्रिया भी की जा सकती है।

सहमति-पत्र

- मैंने ऊपर दी गई सभी बातें नेत्र विभाग की पढ़ ली हैं व सभी चीजें चिकित्सालय के स्टाफ से समझ ली है।
- मैंने इस बारे में सभी नुकसान व फायदे व कुछ मेरे अनुरूप शारीरिक अवस्था को देखते हुए समझ लिए हैं।
- मैं ऑपरेशन की सामान्य क्रिया जो की जा रही है, उसके अलावा कोई नई क्रिया ऑपरेशन के दौरान के लिए भी अपनी सहमति दे रहा हूँ।
- ऑपरेशन से जो भी लाभ-हानि होगी वह मुझे मान्य होगी।
- ऑपरेशन की शल्य क्रिया के दौरान कोई भी सुन्न करने की दवा से रिएक्शन होगा, उसके लिए मैं तैयार हूँ।